फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री शुभम खटीक निवासी ग्राम कुरज तहसील रेलमगरा जिला राजसमन्द
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 78 / 2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.09.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा से जरिये पत्र क्रमांक / आरटीआई / 2025 / 07 दिनांक 04.09.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जो प्रार्थना पत्र ऑनलाईन किया गया था। प्रार्थी को सूचना के अधिकार प्रार्थना पत्र में चाही गई सूचना जो इस कार्यालय से संबंधित थी पत्र क्रमांक / आरटीआई / 2025 / 04 दिनांक 21.07.2025 से उपलब्ध करवा दी गयी है प्रार्थी द्वारा स्वयं सूचना प्राप्त की गई है। जिस पर आवेदक प्राप्ति हस्ताक्षर लिये गये। जिससे प्रार्थी की इस कार्यालय से कोई सूचना शेष नहीं है। अतः श्रीमान अपीलार्थी की अपील खारिज करवाने का आदेश फरमावे। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा द्वारा जरिये पत्र क्रमांक / आरटीआई / 2025 / 04 दिनांक 21.07.2025 से अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रेलमगरा को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)